## RAJASTHAN JLO (JDA) 2026
## PAPER - I (Constitution of India)

**1. What shall be the official language of the Indian Union as per Article 3437**
(1) Hindi
(2) Urdu
(3) English
(4) Sanskrit
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 343 के अनुसार, भारतीय संघ की अधिकारिक भाषा क्या होगी?**
(1) हिन्दी
(2) उर्दू
(3) अंग्रेजी
(4) संस्कृत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**2. Article 47 specifically directs the state to endeavour to bring about prohibition of –**
(1) Trade in agricultural produce
(2) All alcoholic substances
(3) Consumption of intoxicating drinks and drugs injurious to health, except for medicinal purposes
(4) Manufacturing of pharmaceutical products
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 47 विशेषत: राज्य को प्रतिबंध लागू करने हेतु निर्देशित करता है कि वह प्रयास करे-**
(1) कृषि उपज के व्यापार पर
(2) सभी मादक पदार्थों पर
(3) औषधीय प्रयोजन के सिवाय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेयों और औषधियों के उपभोग पर
(4) औषधि उत्पादों के निर्माण पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**3. Which of the following judgements is popularly termed as "high watermark of legal positivism"?**
(1) A.K. Gopalan V. State of Madras
(2) Minerva Mills V. Union of India
(3) State of Bombay V. F.N. Balsara
(4) Shankari Prasad V. Union of India
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा निर्णय प्रचलित रूप से "कानूनी यथार्थवाद (Legal Positivism) का उच्चतम बिन्दु' कहा जाता है?**
(1) ए. के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(2) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
(3) बम्बई राज्य बनाम एफ. एन. बलसारा
(4) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**4. Which of the following was overruled by the decision of the Supreme Court given in Rejanish K.V. versus K. Deepa & others, AIR 2025 SC 5639 relating to Article 233 of the Constitution?**
(1) Satya Narain Singh V. High Court of Judicature at Allahabad and others AIR 1985 SC 308 only
(2) Tej Prakash Pathak V. Rajasthan High Court & others AIR 2024 SC (Suppl.) 695 only
(3) Dheeraj Mor V. High Court of Delhi, AIR 2020 SC 1084
(4) Both (1) and (3)
(5) Question not attempted

**संविधान के अनुच्छेद 233 के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा रेजानिश के.बी. बनाम के दीपा एवं अन्य AIR 2025 SC 5639 में दिए गए निर्णय द्वारा निम्न में से किसे निष्प्रभावी कर दिया गया?**
(1) केवल सत्य नारायण सिंह ब हाई कोर्ट ऑफ ज्युडिकेचर एट इलाहाबाद एवं अन्य AIR 1985 SC 308 को
(2) केवल तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान हाई कोर्ट एवं अन्य AIR 2024 SC (Suppl.) 695 को
(3) केवल धीरज मोर ब. हाई कोर्ट ऑफ दिल्ली. AIR 2020 SC 1084 को
(4) (1) एवं (3) दोनों को
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**5. In which case Chief Justice V.N. Khare said that Uniform Civil Code is based on the premise that there is no necessary connection between Religion and Personal Law in civilized society?**
(1) John Vallamattom V. Union of India
(2) Seema V. Ashwani Kumar
(3) Danial Latifi V. Union of India
(4) Noor Saba Khatoon V. Mohd. Quasim
(5) Question not attempted

**किस वाद में मुख्य न्यायाधीश वी एन. खरे ने कहा कि समान नागरिक संहिता इस आधार पर बनी है कि सभ्य समाज में धर्म और व्यक्तिगत विधि के बीच कोई आवश्यक संबंध नहीं है?**
(1) जॉन वल्लमट्टम बनाम भारत संघ
(2) सीमा बनाम अश्वनी कुमार
(3) डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ
(4) नूर सदा खातून बनाम मोहम्मद कासिम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**6. Which one of the following is not correctly matched?**
(1) Transfer of certain cases to High Court: Article 228
(2) Extension of Jurisdiction of High Courts to Union Territories: Article 227
(3) Jurisdiction of existing High Courts: Article 225
(4) Power of High Courts to issue certain writs: Article 226
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**
(1) कुछ मामलों का उच्च न्यायालय को अंतरण अनुच्छेद 228
(2) उच्च न्यायालयों की अधिकारिता का संघ राज्यक्षेत्रों पर विस्तार अनुच्छेद 227
(3) विद्यमान उच्च न्यायालयों की अधिकारिता: अनुच्छेद 225
(4) कुछ रिट निकालने की उच्च न्यायालयों की शक्ति अनुच्छेद 226

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**7. In which of the following cases, Supreme Court clarified that Article 142 of the Constitution cannot be used to override an express provision of law?**
(1) E.S.P. Rajaram V. Union of India
(2) Union Carbide Corp. V. Union of India
(3) Delhi Judicial Service Association V. State of Gujarat
(4) In Re Special Court Bill case
(5) Question not attempted
**निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 142 का प्रयोग स्पष्ट विधि के प्रावधान को अधिरोहित करने के लिए नहीं किया जा सकता?**
(1) ई.एस.पी. राजाराम बनाम भारत संघ
(2) यूनियन कार्बाइड कॉरपरेशन बनाम भारत संघ
(3) दिल्ली ज्युडीशियल सर्विस एसोसिऐशन बनाम गुजरात राज्य
(4) इन री स्पेशल कोर्ट्स बिल का मामला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**8. "Failure to ensure human conditions in Beggars" home constitutes a constitutional breach of the fundamental right to life with dignity under Article 21"; above was recently held in -**
(1) Only in M.S. Patter V. State of NCT of Delhi
(2) Only in Bhagwati Devi V. State of Uttarakhand
(3) Only in Maniklal Sahu V. State of Chhattisgarh
(4) Both (2) and (3)
(5) Question not attempted
**"भिक्षुक गृहों में मानवीय दशाओं को सुनिश्चित किए जाने की विफलता अनुच्छेद 21 के अंतर्गत गरिमामय जीवन जीने के मूल अधिकार का संवैधानिक भंग गठित होता है हाल ही में उक्त धारण किया गया**
(1) केवल एम.एस. पैटर ब. स्टेट ऑफ एन.सी.टी. ऑफ दिल्ली में
(2) केवल भगवती देवी व उत्तराखण्ड राज्य में
(3) केवल माणिक लाल साहू व छत्तीसगढ़ राज्य में
(4) (2) एवं (3) दोनों में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**9. Which one of the following case is not related to the Judges Transfer/Appointment case?**
(1) S.C. Advocates-on-Record Association V. Union of India (1993) 4 SCC 441
(2) S.P. Gupta V. Union of India AIR 1982 SC 149
(3) Union of India V. Sankal Chand Sheth, AIR 1977 SC 2328
(4) Supreme Court Bar Association V. Union of India AIR 1998 SC 1895
(5) Question not attempted
**निम्नलिखित में से कौनसा एक वाद न्यायाधीशों के स्थानांतरण / नियुक्ति वाद से संबंधित नहीं है?**
(1) एस. सी. एडवोकेट्स-ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन बनाम भारत संघ (1993) 4 SCC 441
(2) एस. पी. गुप्ता बनाम भारत संघ AIR 1982 SC 149
(3) भारत संघ बनाम सांकल चंद शेठ, AIR 1977 SC 2328
(4) सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन बनाम भारत संघ AIR 1998 SC 1895
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**10. The words, 'procedure established by law' in Article 21 of the Constitution means that the procedure must satisfy the requirement of natural justice i.e. it must be just, fair and reasonable. This was held in -**
(1) Kharak Singh V. State of U.P.
(2) Devaswom V. Union of India
(3) Maneka Gandhi V. Union of India
(4) A.K. Gopalan V. Union of India
(5) Question not attempted
**संविधान के अनुच्छेद 21 में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया शब्द का अर्थ है कि प्रक्रिया नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों यानि कि न्याय संगत, उचित और युक्ति संगत सिद्धान्तों की आवश्यकता को पूर्ण करना चाहिए। यह ...में कहा गया।**
(1) खड़क सिंह बनाम उ.प्र. राज्य
(2) देवस्वोम बनाम भारत संघ
(3) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ
(4) ए.के. गोपालन बनाम भारत संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**11. Which writ is issued by Supreme Court or High Courts to compel a public authority to perform a public duty?**
(1) Writ of Certiorari
(2) Writ of Mandamus
(3) Writ of Quo Warranto
(4) Writ of Habeas Corpus
(5) Question not attempted
**सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों द्वारा किसी लोक प्राधिकरण को लोक कर्तव्य करने पर बाध्य करने के लिए कौनसी रिट जारी की जाती है?**
(1) उत्प्रेषण की रिट
(2) परमादेश की रिट
(3) अधिकार- पृच्छा की रिट
(4) बन्दी प्रत्यक्षीकरण की रिट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**12. Which of the following landmark judgements was referred and discussed in PA Inamdar V. State of Maharashtra?**
(1) State of Kerala V. N.M. Thomas
(2) State of Madras V. Champakam Dorairajan
(3) T.M.A. Pai Foundation V. State of Karnataka
(4) Indra Sawhney V. Union of India
(5) Question not attempted
**निम्नलिखित में से कौनसा सुप्रसिद्ध निर्णय पी ए ईनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य में संदर्भित एवं चर्चित किया गया?**
(1) केरल राज्य बनाम एन. एम. थॉमस
(2) मद्रास राज्य बनाम चम्पाकम दोराईराजन
(3) टी.एम.ए. पाई फाऊंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य
(4) इन्द्र साहनी बनाम भारत संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**13. Which Article of the Constitution directs the state to secure a Uniform Civil Code throughout India?**
(1) Article 43
(2) Article 41
(3) Article 40
(4) Article 44
(5) Question not attempted
**संविधान का कौनसा अनुच्छेद राज्य को समस्त भारत में एक समान सिविल संहिता लागू करने का निर्देश देता है?**
(1) अनुच्छेद 43
(2) अनुच्छेद 41
(3) अनुच्छेद 40
(4) अनुच्छेद 44
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**14. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists -**
**List-I**
**(A) Right to Livelihood**
**(B) Right to Privacy**
**(C) Right to Sleep**
**(D) Right to Free legal Aid**
**List-II**
**(I) Ramlila Maidan V. Home Secretary, Union of India**
**(II) M.H. Hoskot V. State of Maharashtra**
**(III) Olga Tellis V. Bombay Municipal Corporation**
**(IV) Justice K.S. Puttaswamy V. Union of India.**
**Code-**
(1) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(II)
(2) (A)-(II), (B)-(IV). (C)-(III), (D)-(I)
(3) (A)-(1), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(III)
(4) (A)-(III). (B)-(I), (C)-(II), (D)-(IV)
(5) Question not attempted
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए**
**सूची-I**
**(A) उपजीविका का अधिकार**
**(B) निजता का अधिकार**
**(C) सोने का अधिकार**
**(D) निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार**
**सूची-II**
**(I) रामलीला मैदान बनाम गृह सचिव, भारत संघ**
**(II) एम.एच. होसकोट बनाम महाराष्ट्र राज्य**
**(III) ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन**
**(IV) जस्टिस के. एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ**
**कूट**
(1) (A) - (III), (B)- (IV), (C)-(I), (D)-(II)
(2) (A) (II), (B)- (IV). (C) - (III), (D)-(I)
(3) (A) (I). (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(III)
(4) (A) (III), (B)- (I), (C)- (II), (D)-(IV)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**15. With respect to Article 130 of the Indian Constitution, which one of the following statements is not correct?**
(1) That it is mandatory obligation on the Chief Justice to make a seat other than Delhi.
(2) That the seat of the Supreme Court shall be in Delhi.
(3) Having a seat other than Delhi is a policy decision.
(4) Chief Justice can appoint any place other than Delhi as seat of the Supreme Court after the approval of the President.
(5) Question not attempted
**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 130 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?**
(1) यह कि मुख्य न्यायमूर्ति के लिए अनिवार्य है कि वह सर्वोच्च न्यायालय के लिए दिल्ली के अलावा भी स्थान बनाए।
(2) यह कि सर्वोच्च न्यायालय का स्थान दिल्ली में होगा ।
(3) दिल्ली के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर पीठ स्थापित करना एक नीतिगत निर्णय है।
(4) मुख्य न्यायमूर्ति राष्ट्रपति के अनुमोदन के पश्चात दिल्ली के अतिरिक्त किसी भी स्थान पर सर्वोच्च न्यायालय अधिविष्ट कर सकेगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**16. Under Article 139A (1), the Supreme Court may act-**
(1) on its own motion or on application by the Attorney General of India or by a party
(2) only on recommendation of Parliament
(3) only on a reference by the President
(4) only on application of the High Court
(5) Question not attempted
**अनुच्छेद 139क (1) के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय कार्यवाही कर सकता है**
(1) स्वप्रेरणा से या भारत के महान्यायवादी द्वारा या किसी पक्षकार के आवेदन पर
(2) केवल संसद की अनुशंसा से
(3) केवल राष्ट्रपति के निर्देश पर
(4) केवल उच्च न्यायालय के आवेदन पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**17. Which of the following statement is not correct under the Constitution of India?**
(1) Independent and impartial judiciary is an essential feature of federalism.
(2) Federalism is a feature of basic structure of the Constitution.
(3) States in India have no right to withdraw from the Union.
(4) Indian federalism is a classic example of competitive federalism.
(5) Question not attempted
**भारत के संविधान के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**

(1) स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका संघवाद की एक अनिवार्य विशेषता है।
(2) संघवाद संविधान के मूल ढांचे की एक विशेषता है।
(3) भारत में राज्यों को संघ से अलग होने का कोई अधिकार नहीं है।
(4) भारतीय संघवाद प्रतिस्पर्धी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**18. The remuneration of the Attorney General of India is determined by -**
(1) Parliament
(2) President
(3) Supreme Court
(4) Law Commission
(5) Question not attempted

**भारत के महान्यायवादी का पारिश्रमिक किसके द्वारा अवधारित किया जाता है?**
(1) संसद
(2) राष्ट्रपति
(3) सर्वोच्च न्यायालय
(4) विधि आयोग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**19. Which Article of the Constitution under Directive Principles of State Policy is related to promotion of international peace and security?**
(1) Article 51A
(2) Article 50
(3) Article 51
(4) Article 49
(5) Question not attempted

**राज्य के नीति निदेशक तत्व के अंतर्गत संविधान का कौनसा अनुच्छेद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि से संबंधित है?**
(1) अनुच्छेद 51क
(2) अनुच्छेद 50
(3) अनुच्छेद 51
(4) अनुच्छेद 49
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**20. Removal of a Judge of a High Court shall be in the manner provided in which Article?**
(1) Article 124(4)
(2) Article 123(2)
(3) Article 124(3)
(4) Article 217(3)
(5) Question not attempted

**उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हटाए जाने की प्रक्रिया किस अनुच्छेद में दी गई है?**
(1) अनुच्छेद 124(4)
(2) अनुच्छेद 123 (2)
(3) अनुच्छेद 124(3)
(4) अनुच्छेद 217 (3)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**21. The concept of living wage has been discussed by the Supreme Court in...................**
(1) Delhi Development Horticultural Employee's Union V. Delhi Administration, AIR 1992 SC 789
(2) K. Rajendran V. State of Tamil Nadu AIR 1982 SC 1107
(3) Municipal Corporation of Delhi V. Female Workers AIR 2000 SC 1274
(4) Standard Vacuum Refining Co. of India V. Workmen AIR 1961 SC 895
(5) Question not attempted

**सर्वोच्च न्यायालय ने ................... में निर्वहन मजदूरी पर चर्चा की है।**
(1) दिल्ली डेवलपमेंट हॉर्टिकल्चरल एम्प्लॉइज यूनियन बनाम दिल्ली प्रशासन, AIR 1992 SC 789
(2) के राजेन्द्रन बनाम तमिलनाडु राज्य AIR 1982 SC 1107
(3) म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ दिल्ली बनाम फीमेल वर्कर्स, AIR 2000 SC 1274
(4) स्टैन्डर्ड वैक्यूम रिफाइनिंग कम्पनी ऑफ इंडिया बनाम वर्कमैन, AIR 1961 SC 895
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**22. Satauram Mandavi V. State of Chhattisgarh & another AIR 2025 SC 3439 is related to -**
(1) Article 20(3) of the Constitution
(2) Article 20(1) of the Constitution
(3) Article 23 of the Constitution
(4) Article 20(2) of the Constitution
(5) Question not attempted

**सताऊराम मण्डावी बनाम छतीसगढ़ राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 3439 संबंधित है-**
(1) संविधान के अनुच्छेद 20(3) से
(2) संविधान के अनुच्छेद 20(1) से
(3) संविधान के अनुच्छेद 23 से
(4) संविधान के अनुच्छेद 20(2) से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**23. Which of the following statement is not correct with reference to Mrs. Varshatai w/o Sh. Sanjay Bagade V. State of Maharashtra through its Secretary Ministry of Law & Judicial Mantralaya Mumbai & others etc. (AIR 2025 SC 2200) decided by the Supreme Court on Article 345 of the Constitution?**
(1) Language is not religion.
(2) Language is culture'
(3) Language belongs to a community, to region, to people, and not to religion
(4) Language represents religion.
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 345 पर उच्चतम न्यायालय द्वारा विनिश्चित श्रीमती वर्षाताई पत्नी श्री संजय बागडे बनाम महाराष्ट्र राज्य जरिये सचिव विधि एवं न्यायिक मंत्रालय मुम्बई एवं अन्य आदि (AIR 2025 SC 2200) के संदर्भ में कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) भाषा धर्म नहीं है

(2) भाषा संस्कृति है
(3) भाषा एक समुदाय, क्षेत्र लोगों की होती है और धर्म की नहीं
(4) भाषा धर्म का प्रतिनिधित्व करती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**24. Article 39(e) seeks to prevent-**
(1) Child labour in all circumstances
(2) Resolving Industrial disputes
(3) Unemployment among adults
(4) Abuse of health and strength of workers and tender age of children
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 39 (ङ) का उद्देश्य है -**
(1) प्रत्येक परिस्थिति में बाल श्रम का उन्मूलन
(2) औद्योगिक विवादों का निपटारा
(3) वयस्कों में बेरोजगारी की रोकथाम
(4) कर्मकारों के स्वास्थ्य और शक्ति तथा बालकों की सुकुमार अवस्था के दुरुपयोग की रोकथाम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25. The Supreme Court may; in its discretion, grant special leave to appeal from -**
(1) any judgment, decree, sentence or order passed or made by any court (except court or tribunal related to armed forces)
(2) Only Constitutional matters
(3) Only High Court judgments
(4) Only criminal cases
(5) Question not attempted

**उच्चतम न्यायालय अपने विवेकानुसार ......................... अपील के लिए विशेष इजाजत दे सकेगा।**
(1) किसी न्यायालय द्वारा पारित किए गए किसी निर्णय, डिक्री, दंडादेश या आदेश के लिए (सिवाय सशस्त्र बलों से संबंधित न्यायालय को छोड़कर)
(2) केवल संवैधानिक मामलों के लिए
(3) केवल उच्च न्यायालय के निर्णयों के लिए
(4) केवल दांडिक मामलों के लिए
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26 Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists -**
**List-I**
**(A) Freedom of Speech and Expression**
**(B) Freedom to form Association**
**(C) Freedom of Movement**
**(D) Freedom of Profession**
**List-II**
**(I) P.A. Inamdar V. State of Maharashtra**
**(II) N.B. Khare V. State of Delhi**
**(III) Damayanti V. Union of India**
**(IV) Romesh Thapar V. State of Madras**
**Code -**
(1) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II). (D)-(I)
(2) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(I). (D)-(III)
(3) (A)-(1), (B)-(II). (C)-(III), (D)-(IV)
(4) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)
(5) Question not attempted

**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए -**
**सूची-I**
**(A) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता**
**(B) संघ बनाने की स्वतंत्रता**
**(C) संचरण की स्वतंत्रता**
**(D) वृत्ति की स्वतंत्रता**
**सूची-II**
**(I) पी. ए. इनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य**
**(II) एन.बी. खरे बनाम दिल्ली राज्य**
**(III) दमयंती बनाम भारत संघ**
**(IV) रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य**
**कूट -**
(1) (A)-(IV), (B)-(III). (C)-(II). (D)-(I)
(2) (A)- (II), (B)-(IV), (C)-(I). (D)-(III)
(3) (A)-(I), (B)-(II). (C)-(III). (D)-(IV)
(4) (A) (III), (B)- (IV), (C) - (II), (D)-(I)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**27. Until Parliament makes a law regarding salaries of High Court Judges, their salaries are specified in which Schedule of the Constitution?**
(1) Fourth Schedule
(2) First Schedule
(3) Second Schedule
(4) Third Schedule
(5) Question not attempted

**जब तक संसद उच्च न्यायालय के न्यायधीशों के वेतन के बारे में कोई विधि नहीं बनाती, तब तक उनका वेतन संविधान की किस अनुसूची में निर्दिष्ट है?**
(1) चतुर्थ अनुसूची
(2) प्रथम अनुसूची
(3) द्वितीय अनुसूची
(4) तृतीय अनुसूची
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**28. On the question of the disqualification of members of Parliament, the President shall take the opinion of -**
(1) Election Commission
(2) Supreme Court
(3) Attorney-General
(4) Prime Minister
(5) Question not attempted

**संसद के सदस्यों की निर्योग्यता के प्रश्न पर राष्ट्रपति किसकी राय लेगा?**
(1) चुनाव आयोग
(2) उच्चतम न्यायालय
(3) महान्यायवादी
(4) प्रधानमंत्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29. Which one of the following statement is incorrect in respect to the Article 13(1) of the Constitution of India?**

(1) The provisions of the Constitution relating to the fundamental rights have no prospective effect.
(2) The provisions of the Constitution relating to the fundamental rights have no retrospective effects.
(3) An existing law inconsistent with a fundamental right, though becomes inoperative from the date of the commencement of the Constitution, is not dead altogether.
(4) Article 13 does not make the whole Act inoperative but only such provisions of it as are inconsistent with or violative of the fundamental rights.
(5) Question not attempted

**भारत के संविधान के अनुच्छेद 13(1) के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?**
(1) मौलिक अधिकारों से संबंधित संविधान के प्रावधानों का कोई भविष्य लक्षी प्रभाव नहीं होता है।
(2) मौलिक अधिकारों से संबंधित संविधान के प्रावधानों का कोई भूतलक्षी प्रभाव नहीं होता है।
(3) वर्तमान कानून जो मौलिक अधिकार के साथ असंगत है, संविधान प्रवृत होने की तारीख से वह निष्क्रिय हो जाता है, लेकिन पूरी तरह समाप्त नहीं होता है।
(4) अनुच्छेद 13 पूरे कानून को अमान्य नहीं बनाता है, बल्कि केवल उसके ऐसे प्रावधानों को अमान्य करता है जो मौलिक अधिकारों के साथ असंगत है या उनका उल्लंघन करते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30. Which of the following Fundamental Right is available to both citizens as well as non-citizens?**
(1) Fundamental Right conferred by Article 19 of the Constitution
(2) Fundamental Right conferred by Article 18(2) of the Constitution
(3) Fundamental Right conferred by Article 23 of the Constitution
(4) Fundamental Right conferred by Article 15 (1) of the Constitution
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा मौलिक अधिकार नागरिकों और गैर-नागरिकों को उपलब्ध है?**
(1) संविधान के अनुच्छेद 19 द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार
(2) संविधान के अनुच्छेद 18 (2) द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार
(3) संविधान के अनुच्छेद 23 द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार
(4) संविधान के अनुच्छेद 15(1) द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31. Which one of the following cases is not related to the protection of ecology and environmental pollution?**
(1) Indian Council for Enviro-Legal Action V. Union of India (1996) 3 SCC 212
(2) M.C. Mehta V. Union of India (1986) 2 SCC 176
(3) Rural Litigation and Entitlement Kendre V. State of U.P. (1985) 2 SCC 431
(4) Ramlila Maidan V. Home Secretary, Union of India 2012 CrLJ 3516 (SC)
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित वादों में से कौनसा एक पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय प्रदूषण से संबंधित नहीं है?**
(1) इण्डियन काउंसिल फॉर एन्वायरो-लीगल एक्शन बनाम भारत संघ (1996) 3 SCC 212
(2) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (1986) 2 SCC 176
(3) रूरल लिटेगेशन एण्ड ऐनटाइटलमेंट केन्द्र बनाम स्टेट ऑफ यू.पी. (1985) 2 SCC 431
(4) रामलीला मैदान बनाम गृह सचिव, भारत संघ 2012 CrLJ 3516 (SC)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32. The jurisdiction of Supreme Court can be enlarged -**
(1) by law made by Parliament and State Legislature.
(2) by special agreement between Government of India and Government of any State.
(3) cannot be enlarged
(4) by the President on any of the matters in the Union List.
(5) Question not attempted

**सर्वोच्च न्यायालय की अधिकारिता में वृद्धि की जा सकती है।**
(1) संसद और विधान मण्डल द्वारा विधि बनाकर
(2) भारत सरकार और किसी राज्य की सरकार के मध्य विशेष करार द्वारा
(3) वृद्धि नहीं की जा सकती
(4) राष्ट्रपति द्वारा संघ सूची के किसी भी विषय पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33. In which of the following case the Supreme Court held that the Article 15(4) is only an enabling provision and it is for the respective States either to enact a legislation or issue an executive instruction providing reservation?**
(1) Ashok Kumar Thakur V. State of Bihar
(2) T.M.A. Pai Foundation V. State of Karnataka
(3) Indra Sawhney V. Union of India
(4) Dr. Gulshan Prakash V. State of Haryana
(5) Question not attempted

**इनमें से किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि अनुच्छेद 15(4) केवल एक सामर्थ्यकारी उपबंध है और आरक्षण देने के लिए या तो विधि बनाना या कार्यपालक निर्देश जारी करना संबंधित राज्यों का कार्य है?**
(1) अशोक कुमार ठाकुर बनाम बिहार राज्य
(2) टी. एम. ए. पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य
(3) इंद्र साहनी बनाम भारत संघ
(4) डॉ. गुलशन प्रकाश बनाम हरियाणा राज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34. Which clause of Article 16 states that unfilled reserved vacancies may be treated as a separate class?**
(1) Article 16(4B)
(2) Article 16(5)
(3) Article 16(4A)
(4) Article 16(4)
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 16 का कौनसा खंड यह प्रावधान करता है कि रिक्त आरक्षित पदों को पृथक वर्ग के रूप में माना जा सकेगा?**
(1) अनुच्छेद 16 (4B)
(2) अनुच्छेद 16 (5)
(3) अनुच्छेद 16(4A)
(4) अनुच्छेद 16(4)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35. According to Article 21-A of the Constitution, the state shall provide free and compulsory education to all children of the age of –**
(1) Five to fifteen years
(2) Six to sixteen years
(3) Six to fourteen years
(4) Five to sixteen years
(5) Question not attempted

**संविधान के अनुच्छेद 21 क के अनुसार राज्य तक की आयु वाले सभी बालकों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का उपबंध करेगा।**
(1) पाँच से पन्द्रह वर्षों
(2) छः से सोलह वर्षों
(3) छः से चौदह वर्षों
(4) पाँच से सोलह वर्षों
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36. Which one of the following cases does not relate to Article 22 of the Constitution?**
(1) Prabir Purkayastha V. State (NCT of Delhi) AIR 2024 SC 2967
(2) Amrit Yadav V. State of Jharkhand & others, AIR 2025 SC 1219
(3) Mihir Rajesh Shah V. State of Maharashtra & another, AIR 2025 SC 5554
(4) Pankaj Bansal V. Union of India & others (2024) 7 SCC 576
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा एक वाद संविधान के अनुच्छेद 22 से संबंधित नहीं है?**
(1) प्रबीर पुरकायस्था व राज्य (एन. सी. टी. ऑफ दिल्ली) AIR 2024 SC 2967
(2) अमृत यादव व झारखण्ड राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 1219
(3) मिहीर राजेश शाह व महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य, AIR 2025 SC 5554
(4) पंकज बंसल व भारत संघ एवं अन्य (2024) 7 SCC 576
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37. Which of the following case is related to the "Doctrine of Eclipse"?**
(1) Bhikaji V. State of Madhya Pradesh
(2) Maneka Gandhi V. Union of India
(3) Inder Singh V. State of Punjab
(4) M.S.M. Sharma V. Sri Krishna Sinha
(5) Question not attempted

**निम्न में से कौनसा वाद "आच्छादन के सिद्धांत' से सम्बन्धित है?**
(1) भीकाजी बनाम मध्य प्रदेश राज्य
(2) मेनका गांधी बनाम भारत संघ
(3) इंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य
(4) एम.एस.एम. शर्मा बनाम श्री कृष्णा सिन्हा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**38. In which Article of the Constitution, Ancillary powers of Supreme Court are mentioned?**
(1) Article 139
(2) Article 141
(3) Article 140
(4) Article 142
(5) Question not attempted

**संविधान के कौनसे अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय की आनुषंगिक शक्तियों का वर्णन है?**
(1) अनुच्छेद 139
(2) अनुच्छेद 141
(3) अनुच्छेद 140
(4) अनुच्छेद 142
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39. Article 32(4) provides that the right guaranteed under this Article -**
(1) automatically stands suspended during emergency.
(2) may be suspended by executive order.
(3) may be suspended by law.
(4) shall not be suspended except as otherwise provided by the Constitution.
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 32(4) के अनुसार इस अनुच्छेद द्वारा प्रत्याभूत अधिकार -**
(1) आपातकाल में स्वतः निलंबित हो जाता है।
(2) कार्यपालिका के आदेश से निलंबित किया जा सकता है।
(3) विधि द्वारा निलंबित किया जा सकता है।
(4) संविधान में अन्यथा उपबंधित किए जाने के अतिरिक्त निलंबित नहीं किया जाएगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40. Article 39A seeks to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen-**
(1) on grounds of religion
(2) by reason of economic or other disabilities
(3) during proclamation of emergency
(4) for want of procedural compliance
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 39क का उद्देश्य है कि न्याय प्राप्त करने के अवसर से कोई नागरिक वंचित न रह जाये**
(1) धर्म के आधार पर

(2) आर्थिक या अन्य निर्योग्यताओं के कारण
(3) आपातकाल की उदघोषणा के दौरान
(4) प्रक्रिया संबंधी त्रुटि के कारण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41. Article 38 of the Constitution directs the state to secure a social order for the promotion of -**
(1) Welfare of the people
(2) Promotion of Co-operative societies
(3) International peace
(4) Religious harmony
(5) Question not attempted

**संविधान का अनुच्छेद 38 राज्य को किसकी उन्नति के लिए एक सामाजिक व्यवस्था सुरक्षित करने का निर्देश देता है?**
(1) लोक कल्याण
(2) सहकारी सोसाइटियों का संवर्धन
(3) अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति
(4) धार्मिक सद्भाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42. Who has the right to speak and take part in proceedings of either House of Parliament without a right to vote? He is entitled to all privileges and immunities as a member of Parliament.**
(1) Judge of the Supreme Court
(2) Chief Justice of High Court
(3) Comptroller and Auditor-General of India
(4) Attorney-General of India
(5) Question not attempted

**किसे बिना मत के अधिकार के संसद के किसी भी सदन की कार्यवाही में बोलने और हिस्सा लेने का अधिकार है? वह संसद सदस्य की तरह सभी विशेषाधिकार और उन्मुक्तियों का हकदार है।**
(1) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
(2) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(3) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(4) भारत के महान्यायवादी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43. Assertion (A): The Supreme Court shall have power to review any judgment pronounced or order made by it.**
**Reason (R): The power of review is unlimited and the Supreme Court can review any judgment at any time.**
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is false but (R) is true.
(4) (A) is true but (R) is false.
(5) Question not attempted

**अभिकथन (A) उच्चतम न्यायालय को अपने द्वारा सुनाये गए निर्णय या दिए गए आदेश का पुनर्विलोकन करने की शक्ति होगी।**
**तर्क (R) पुनर्विलोकन की शक्ति असीमित है और उच्चतम न्यायालय किसी भी समय किसी भी निर्णय का पुनर्विलोकन कर सकता है।**
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है।
(4) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44. Arrange the following freedoms in chronological order, according to Article 19(1) of the Constitution –**
**(I) freedom of speech and expression**
**(II) to move freely throughout the territory of India**
**(III) to form associations or unions**
**(IV) to assemble peaceably and without arms**
**Code –**
(1) (I). (II), (III), (IV)
(2) (I). (IV). (III). (II)
(3) (T). (III). (IV). (II)
(4) (I). (II), (IV). (III)
(5) Question not attempted

**संविधान के अनुच्छेद 19(1) के अनुसार निम्नलिखित स्वतन्त्रताओं को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए -**
**(I) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता**
**(II) भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण**
**(III) संगम या संघ बनाना**
**(IV) शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन करना**
**कूट -**
(1) (I). (IT), (III), (IV)
(2) (I), (IV), (III). (II)
(3) (I), (III), (IV), (IIT)
(4) (I), (II), (IV). (IIT)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45. Who performs the duties of the Chief Justice of a High Court when the office is vacant?**
(1) The Judge appointed by the Governor for the purpose
(2) The senior-most Judge automatically
(3) The Judge appointed by the Chief Justice of India for the purpose
(4) The Judge appointed by the President for the purpose
(5) Question not attempted

**उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त होने पर उनके कर्तव्यों का निर्वहन कौन करता है?**
(1) राज्यपाल द्वारा इस प्रयोजन हेतु नियुक्त न्यायाधीश
(2) वरिष्ठतम न्यायाधीश स्वतः ही
(3) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा इस प्रयोजन हेतु नियुक्त न्यायाधीश
(4) राष्ट्रपति द्वारा इस प्रयोजन हेतु नियुक्त न्यायाधीश
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46. Under Article 227(4), the power of the High Court of superintendence does not extend to courts or tribunals constituted under laws relating to –**
(1) Service matters
(2) Revenue
(3) Taxation
(4) Armed forces
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 227 (4) के अंतर्गत उच्च न्यायालय की अधीक्षण की शक्ति विधि के अधीन स्थापित न्यायालयों या अधिकरणों पर लागू नहीं होती है, जो इनसे संबंधित है-**
(1) सेवा विषयक मामले
(2) राजस्व
(3) कराधान
(4) सशस्त्र बल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47. The meaning of expression 'deprived of his property used in Article 300A of the Constitution was explained in the case of -**
(1) Nagarajan & another V. State of T.N. with Naresh Chandra alias Naresh Babu V. State of U.P.
(2) Krishnadatt Awasthy V. State of M.P. & others
(3) Bernard Francis Joseph Vaz & others V. Govt. of Karnataka & others
(4) Gyan Prakash V. Union of India & others
(5) Question not attempted

**संविधान के अनुच्छेद 300A में प्रयुक्त अभिव्यक्ति उसकी सम्पत्ति से वंचित किया जाना का वर्णन के बाद में किया गया।**
(1) नागराजन एवं अन्य व तमिलनाडू राज्य साथ में नरेश चंद्र उर्फ नरेश बाबू ब. उत्तर प्रदेश राज्य
(2) कृष्णादत्त अवस्थी ब मध्य प्रदेश राज्य एवं अन्य
(3) बर्नार्ड फ्रांसिस जोसेफ वाज एवं अन्य ब. कर्नाटक सरकार एवं अन्य
(4) ज्ञान प्रकाश ब. भारत संघ एवं अन्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**48. In which Article of the Constitution of India are the Scheduled Castes and Scheduled Tribes mentioned together with Backward Classes?**
(1) Article 15(4)
(2) Article 16(4)
(3) Article 16(4A)
(4) Article 15(1)
(5) Question not attempted

**भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का उल्लेख पिछड़े वर्गों के साथ किया गया है?**
(1) अनुच्छेद 15 (4)
(2) अनुच्छेद 16 (4)
(3) अनुच्छेद 16 (4A)
(4) अनुच्छेद 15(1)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49. In which of the following case, the Supreme Court held that the word 'Law' in Article 13(2) included amendments to the Constitution and consequently, if an amendment abridged or took away a fundamental right guaranteed by Part III of the Constitution, the amending act itself shall be void and ultra vires.**
(1) Golak Nath V. State of Punjab
(2) Sajjan Singh V. State of Rajasthan
(3) Kesavananda Bharati V. State of Kerala
(4) Shankari Prasad V. Union of India
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया की अनुच्छेद 13 (2) में 'विधि' शब्द में संविधान संशोधन सम्मिलित है और परिणामस्वरूप यदि कोई संशोधन संविधान के भाग 3 द्वारा गारंटीकृत मौलिक अधिकार को कम करता है या उसे छीन लेता है तो संशोधन करने वाला अधिनियम स्वयं शून्य और अधिकारातीत होगा?**
(1) गोलक नाथ बनाम पंजाब राज्य
(2) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य
(3) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(4) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**50. Which Schedule of the Indian Constitution mentions the oath of a Supreme Court Judge?**
(1) Fourth Schedule
(2) Second Schedule
(3) Third Schedule
(4) First Schedule
(5) Question not attempted

**भारतीय संविधान की किस अनुसूची में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की शपथ का उल्लेख है?**
(1) चतुर्थ अनुसूची
(2) द्वितीय अनुसूची
(3) तृतीय अनुसूची
(4) प्रथम अनुसूची
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**51. By which Constitutional Amendment Act, to form co-operative societies was added in Article 19(1)(c)?**
(1) Eighty-Fifth Amendment Act, 2001
(2) Eighty-First Amendment Act, 2000
(3) Ninety Seventh Amendment Act, 2011
(4) Seventy Seventh Amendment Act, 1995
(5) Question not attempted

**किस संवैधानिक संशोधन द्वारा अनुच्छेद 19 (1) (ग) में सहकारी समितियों का गठन जोड़ा गया?**
(1) पिच्चासीवा संशोधन अधिनियम, 2001
(2) इक्यासीवां संशोधन अधिनियम, 2000
(3) सत्तानवेवां संशोधन अधिनियम, 2011
(4) सत्तरवा संशोधन अधिनियम, 1995
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**52. Which one of the following is an incorrect statement?**

(1) The Supreme Court shall have all the powers of such court including the power to punish for.contempt itself.
(2) All authorities, civil and political in the territory of India shall act in aid of the Supreme Court.
(3) The Supreme Court shall be a court of record.
(4) The law declared by the Supreme Court shall be binding on all courts within the territory of India.
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन गलत है?**

(1) उच्चतम न्यायालय को उसका अपने अवमान के लिए दंड देने की शक्ति सहित ऐसे न्यायालय की सभी शक्तियां होगी।
(2) भारत के राज्य क्षेत्र के सभी दीवानी और राजनैतिक प्राधिकारी उच्चतम न्यायालय की सहायता में कार्य करेंगे।
(3) उच्चतम न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा।
(4) उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर सभी न्यायालयों पर आबद्धकारी होगी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**53. In case of a dispute arising out of any treaty or agreement which was executed before the commencement of the Constitution and continues in operation, which of the following jurisdiction of the Supreme Court shall apply?**

(1) Advisory Jurisdiction
(2) Review Jurisdiction
(3) Original Jurisdiction
(4) Appellate Jurisdiction
(5) Question not attempted

**कोई विवाद जोकि किसी ऐसी संधि या करार से उत्पन्न हुआ है जो इस संविधान के प्रारंभ से पहले की गई थी और प्रारंभ के पश्चात भी प्रवर्तन में है, ऐसे विवाद पर उच्चतम न्यायालय की निम्न में से कौनसी अधिकारिता लागू होगी?**

(1) परामर्शदायी अधिकारिता
(2) पुनर्विलोकन अधिकारिता
(3) आरंभिक अधिकारिता
(4) अपीलीय अधिकारिता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**54. The Protection of Civil Rights Act, 1955 was enacted to give effect to which provision of the Constitution?**

(1) Article 24
(2) Article 17
(3) Article 18
(4) Article 25
(5) Question not attempted

**नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 संविधान के किस प्रावधान को प्रभावी बनाने के लिए अधिनियमित किया गया?**

(1) अनुच्छेद 24
(2) अनुच्छेद 17
(3) अनुच्छेद 18
(4) अनुच्छेद 25
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**55. Under the proviso to Article 225, any restriction relating to original jurisdiction concerning revenue matters existing before commencement of the Constitution -**

(1) shall no longer apply
(2) shall continue indefinitely
(3) shall apply only with Presidential approval
(4) shall apply only to civil cases
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 225 के उपबंध के अनुसार, संविधान के प्रारंभ से पूर्व राजस्व संबंधी मामलों में मूल अधिकारिता पर विद्यमान किसी भी प्रकार का प्रतिबंध**

(1) अब लागू नहीं रहेगा
(2) अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा
(3) केवल राष्ट्रपति की स्वीकृति से लागू होगा
(4) केवल दीवानी मामलों पर लागू रहेगा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**56. 'Law' under Article 13(3)(a) of the Indian Constitution includes -**

**(a) ordinance, order, notification**
**(b) bye-law, rule, regulation**
**(c) international treaties signed between two sovereign states**
**(d) Custom or usage having in the territory of India the force of law.**

**Select the correct answer using the code given below -**

(1) (a), (b) and (d)
(2) (a), (b) and (c)
(3) (a) and (b)
(4) (a), (b), (c) and (d)
(5) Question not attempted

**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 (3) (क) के अधीन 'विधि के अंतर्गत भारत के राज्य क्षेत्र में विधि का बल रखने वाला कोई ..................... है।**

**(a) अध्यादेश, आदेश, अधिसूचना**
**(b) उपविधि, नियम, विनियम**
**(c) दो सार्वभौमिक राज्यों में हस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय संधि**
**(d) रूढ़ि या प्रथा**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

(1) (a), (b) और (d)
(2) (a), (b) और (c)
(3) (a) और (b)
(4) (a), (b), (c) और (d)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**57. In which of the following case/cases the governing principles relating to setting aside of entire selection process with reference to Article 16 were enumerated by the Supreme Court?**

(1) Biswajyoti Chatterjee V. State of W.B. & another only

(2) State of W.B. V. Baishakhi Bhattacharyya (Chatterjee) only
(3) Both (1) and (2)
(4) Jaya Bhattacharya V. State of W.B.
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से किस बाद / वादों में उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 16 के संदर्भ में संपूर्ण चयन प्रक्रिया को अपास्त करने संबंधी शासकीय सिद्धांतों को प्रतिपादित (प्रगणित) किया?**
(1) केवल बिस्वज्योति चटर्जी बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य एवं अन्य में
(2) केवल पश्चिमी बंगाल राज्य बनाम बैशाखी भट्टाचार्य (चटर्जी) में
(3) (1) एवं (2) दोनों में
(4) जया भट्टाचार्य बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**58. After withdrawing a case under Article 228 the High Court may -**
(1) dispose of the case itself
(2) refer it to Parliament
(3) transfer it to another state
(4) dismiss it without hearing
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 228 के अंतर्गत किसी वाद को अपने पास मंगाने के पश्चात उच्च न्यायालय क्या कर सकता है?**
(1) स्वयं उस बाद का निपटारा कर सकता है
(2) उसे संसद को संदर्भित कर सकता है
(3) उसे किसी अन्य राज्य को स्थानांतरित कर सकता है
(4) बिना सुनवाई उसे खारिज कर सकता है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**59. With reference to Article 191 and Schedule 10. para 6, it was held by the Supreme Court that the Speaker is the authority who should decide the issue with regard to disqualification of member of a legislative assembly-**
(1) In Kihoto Hollohan V. Zachillhu only
(2) In Subhash Desai V. Principal Secretary, Govt. of Maharashtra & others only
(3) In Padi Kaushik Reddy V. State of Telangana only
(4) (1), (2), (3) in all
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 191 एवं अनुसूची 10, पैरा 6 के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय द्वारा धारण किया गया कि अध्यक्ष वह प्राधिकारी है जिसे विधानसभा के सदस्य की अनर्हता से संबंधी मुद्दे का विनिश्चय करना चाहिए –**
(1) केवल किहोतो होलोहान ब. जैचिलहू में
(2) केवल सुभाष देसाई व प्रिंसिपल सेक्रेटरी, महाराष्ट्र सरकार एवं अन्य में
(3) केवल पाडी कौशिक रेड्डी व तेलंगाना राज्य में
(4) (1), (2) एवं (3) सभी में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**60. In which of the following case, the Supreme Court held that court is under duty under Article 143 to give its advisory opinion if the questions referred to it are not vague and of a political nature?**
(1) In Re Special Courts Bill case
(2) In Re Delhi Laws Act
(3) Reference of Cauvery Disputes Tribunal
(4) Rupa Ashok Hurra V. Ashok Hurra
(5) Question not attempted

**उच्चतम न्यायालय ने किस वाद में कहा कि न्यायालय का अनुच्छेद 143 के तहत यह कर्तव्य है कि वह अपनी परामर्श देने वाली राय दे अगर उससे पूछा गया प्रश्न अस्पष्ट और राजनैतिक प्रकृति का नहीं है?**
(1) इन री स्पेशल कोर्ट्स बिल वाद
(2) इन री दिल्ली लॉज एक्ट
(3) कावेरी विवाद ट्रिब्यूनल का संदर्भ
(4) रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**61. Under Article 227(2)C, what forms may a High Court prescribe?**
(1) Appeals shall be filed
(2) Writ petitions shall be drafted
(3) Judgement shall be delivered
(4) Books, entries and accounts shall be kept by officers of courts
(5) Question not attempted

**अनुच्छेद 227 (2)ग के अनुसार उच्च न्यायालय किन प्रारूपों को विहित कर सकता है?**
(1) अपीलें दाखिल की जाएंगी
(2) रिट याचिकाएँ तैयार की जाएंगी
(3) निर्णय सुनाए जाएंगे
(4) न्यायालयों के अधिकारियों द्वारा पुस्तकें, अभिलेख एवं लेखे रखे जाएंगे
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**62. The Supreme Court may withdraw cases pending before two or more High Courts and dispose of the same -**
**(A) on its own motion**
**(B) on application made by any party to any such case**
**(C) on application made by Attorney General**
**(D) when substantial question of general importance is involved**
**Which of the above statements are correct?**
(1) Only (B), (C) and (D)
(2) Only (B) and (C)
(3) Only (A) and (B)
(4) (A), (B), (C) and (D)
(5) Question not attempted

**उच्चतम न्यायालय दो या दो से अधिक उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित मामलों को अपने पास मंगाकर स्वयं निपटा सकता है -**
**(अ) स्व-प्रेरणा से**
**(ब) ऐसे किसी मामले के किसी पक्षकार द्वारा किए गए आवेदन पर**
**(स) महान्यायवादी द्वारा किए गए आवेदन पर**
**(द) जब व्यापक महत्व का सारवान प्रश्न अंतर्वलित है**

**उपरोक्त में से कौनसे कथन सही हैं?**
(1) केवल (ब), (स) और (द)
(2) केवल (ब) और (स)
(3) केवल (अ) और (ब)
(4) (अ), (ब), (स) और (द)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**63. In which of the following case/cases it was held by the Supreme Court that 'Custodial torture' violates Article 21 of the Constitution?**
(1) In D.K. Basu V. State of W.B. AIR 1997 SC 610 only
(2) In State of M.P. V. Shyam Sundar Trivedi (1995) 4 SCC 262 only
(3) In Khursheed Ahmed Chohan V. U.T. of J. & K. & others etc. AIR 2025 SC 3393 only
(4) In all (1), (2) and (3)
(5) Question not attempted
**निम्नलिखित में से किस बाद / वादों में उच्चतम न्यायालय द्वारा धारण किया गया कि हिरासत में यातना सविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है?**
(1) केवल डी.के. बसु ब. स्टेट ऑफ डब्ल्यू. बी. AIR 1997 SC 610 में
(2) केवल एम.पी. राज्य व श्याम सुन्दर त्रिवेदी (1995) 4 SCC 262 में
(3) केवल खुर्शीद अहमद चौहान व यू.टी. ऑफ जे एण्ड के एवं अन्य आदि में, AIR 2025 SC 3393 में
(4) (1) (2) एवं (3) सभी में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**64. The Supreme Court of India, like the exercises the powers to give advisory opinion to the President.**
(1) Australian Supreme Court
(2) French Supreme Court
(3) Canadian Supreme Court
(4) American Supreme Court
(5) Question not attempted
**भारत का सर्वोच्च न्यायालय, ...................... की तरह राष्ट्रपति को परामर्श प्रदान करने की शक्तियों का प्रयोग करता है।**
(1) ऑस्ट्रेलियाई सर्वोच्च न्यायालय
(2) फ्रांसीसी सर्वोच्च न्यायालय
(3) कनाडाई सर्वोच्च न्यायालय
(4) अमरीकी सर्वोच्च न्यायालय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**65. The power of review under Article 137 is subject to which of the following?**
(1) Approval of the High Court
(2) Consent of the parties
(3) Directions of the President
(4) Law made by Parliament or rules made under Article 145
(5) Question not attempted
**अनुच्छेद 137 के अंतर्गत पुनर्विलोकन की शक्ति किसके अधीन है?**
(1) उच्च न्यायालय की स्वीकृति
(2) पक्षकारों की सहमति से
(3) राष्ट्रपति के निर्देश
(4) संसद द्वारा बनाई गई विधि या अनुच्छेद 145 के अधीन बनाए गए नियम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**66. The power of Supreme Court to do 'complete justice' lies in -**
(1) Article 138
(2) Article 137
(3) Article 146
(4) Article 142
(5) Question not attempted
**उच्चतम न्यायालय की पूर्ण न्याय करने की शक्ति निहित है -**
(1) अनुच्छेद 138 में
(2) अनुच्छेद 137 में
(3) अनुच्छेद 146 में
(4) अनुच्छेद 142 में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**67. What is the Constitutional status of the Supreme Court of India under Article 129?**
(1) It shall function under the supervision of Parliament.
(2) It shall be a court of appeal only.
(3) It shall exercise advisory jurisdiction only.
(4) It shall be a court of record and shall have the power to punish for contempt of itself.
(5) Question not attempted
**भारत के संविधान के अनुच्छेद 129 के अधीन उच्चतम न्यायालय की सवैधानिक स्थिति क्या है?**
(1) यह संसद के पर्यवेक्षण में कार्य करेगा।
(2) यह केवल अपीलीय न्यायालय के रूप में कार्य करेगा।
(3) यह केवल परामर्शदात्री अधिकारिता का प्रयोग करेगा।
(4) यह अभिलेख न्यायालय होगा और अपने अपमान के लिए दंड देने की शक्ति रखेगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**68. Article 47 regards which of the following as among primary duties of the State?**
(1) Industrial development
(2) Employment
(3) Regulation of foreign trade
(4) Public health
(5) Question not attempted
**अनुच्छेद 47 निम्नलिखित में से किसे राज्य के प्राथमिक कर्तव्यों में मानता है?**
(1) औद्योगिक विकास
(2) रोजगार
(3) विदेशी व्यापार का नियमन
(4) लोक स्वास्थ्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**69. Which Article provides for preservation and improvement of breeds and prohibition of**

slaughter of cows and calves and other milch and draught cattle?
(1) Article 49
(2) Article 46
(3) Article 47
(4) Article 48
(5) Question not attempted

**कौनसा अनुच्छेद विशेषतः उपबंध करता है, नस्लों के परिरक्षण एवं सुधार तथा गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू एवं वाहक पशुओं के वध के प्रतिषेध का?**
(1) अनुच्छेद 49
(2) अनुच्छेद 46
(3) अनुच्छेद 47
(4) अनुच्छेद 48
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**70. Which one of the following statements is incorrect?**
(1) It is only the 'ratio decidendi' of the judgment of the Supreme Court which constitutes a binding precedent.
(2) 'Obiter dicta' of a judgment of the Supreme Court has no precedential value.
(3) The whole judgment and all observations and findings of Supreme Court there in are to be taken as binding precedent.
(4) Law declared by Supreme court to be binding on all courts.
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) उच्चतम न्यायालय के निर्णय का निर्णयाधार एक आबद्धकारी पूर्व निर्णय माना जाएगा।
(2) उच्चतम न्यायालय के निर्णय का इतरोक्ति आबद्धकारी पूर्व निर्णय नहीं माना जाएगा।
(3) उच्चतम न्यायालय का समग्र निर्णय, विचार और निष्कर्ष को आबद्धकारी पूर्व निर्णय माना जाएगा।
(4) उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि सभी न्यायालयों पर आबद्धकर है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**71. Choose the incorrect statement in case of Proclamation of Financial Emergency -**
(1) The salaries and allowances of Judges of Supreme Court and High Courts shall not be reduced.
(2) The only grounds of proclamation is when financial stability or credit of India or any part of the territory is threatened.
(3) The initial span of proclamation is of two months.
(4) Union can give directions for reduction of salary of persons serving under a state.
(5) Question not attempted

**वित्तीय आपात की उद्घोषणा की स्थिति में गलत कथन को अंकित करें**
(1) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के वेतन एवं भत्ते में कटौती नहीं की जाएगी।
(2) उद्घोषणा केवल इस आधार पर हो सकेगी कि भारत या उसके राज्यक्षेत्र के किसी भाग का वित्तीय स्थायित्व या प्रत्यय संकट में है।
(3) उद्घोषणा की प्रारंभिक अवधि दो महीने होगी।
(4) संघ यह विनिर्दिष्ट कर सकेगा कि किसी राज्य के अंतर्गत सेवा करने वाले व्यक्तियों के वेतन में कटौती की जाए।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**72. Which Article of the Constitution empowers the state for making any special provision for the advancement of any economically weaker sections of citizens for their admission to educational institutions including private educational institutions?**
(1) Article 15(5)
(2) Article 15(6)(a)
(3) Article 15(4)
(4) Article 15(6)(b)
(5) Question not attempted

**संविधान का कौनसा अनुच्छेद राज्य को नागरिकों के आर्थिक रूप से दुर्बल किन्हीं वर्गों की उन्नति के लिए शैक्षणिक संस्थाओं, जिनमें प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाएं भी हैं, में प्रवेश हेतु विशेष उपबंध करने का अधिकार देता है?**
(1) अनुच्छेद 15(5)
(2) अनुच्छेद 15 (6) (क)
(3) अनुच्छेद 15(4)
(4) अनुच्छेद 15(6) (ख)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**73. "The state shall promote with special care the educational and economic interests of the weaker sections of the people, and in particular, of the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, and shall protect them from social injustice and all forms of exploitation." This provision is a**
(1) Statutory Right
(2) State Subject
(3) Directive Principles of State Policy
(4) Fundamental Right
(5) Question not attempted

**"राज्य जनता के दुर्बल वर्गों के विशिष्टतया, अनुसूचित जातियाँ और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की विशेष सावधानी से अभिवृद्धि करेगा और सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से उनकी संरक्षा करेगा।" यह ...................... का उपबंध है।**
(1) सांविधिक अधिकार
(2) राज्य विषय
(3) राज्य के नीति निर्देशक तत्व
(4) मौलिक अधिकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**74. Which Article of the Constitution says that the State shall, in particular, direct its policy towards**

**securing that the children are given opportunities and facilities to develop in healthy manner and in conditions of freedom and dignity and the childhood and youth are protected against exploitation and against moral and material abandonment?**
(1) Article 38(1)
(2) Article 38(2)
(3) Article 39(e)
(4) Article 39(f)
(5) Question not attempted

**संविधान का कौनसा अनुच्छेद कहता है कि बालकों को स्वतंत्र और गरिमामय वातावरण में स्वस्थ विकास के अवसर और सुविधाएं दी जाएं और बालकों और अल्पवय व्यक्तियों की शोषण से तथा नैतिक और आर्थिक परित्याग से रक्षा की जाए?**
(1) अनुच्छेद 38 (1)
(2) अनुच्छेद 38(2)
(3) अनुच्छेद 39(ड)
(4) अनुच्छेद 39 (च)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**75. Which one of the following is not correctly matched?**
(1) Freedom as to payment of taxes for promotion of any particular religion: Article 28
(2) Freedom of conscience and free profession, practice and propagation of religion : Article 25
(3) Protection of interests of minorities: Article 29
(4) Freedom to manage religious affairs: Article 26
(5) Question not attempted

**निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?**
(1) किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स्वतंत्रता अनुच्छेद 28
(2) अंत:करण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार की स्वतंत्रता अनुच्छेद 25
(3) अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण अनुच्छेद 29
(4) धार्मिक कार्यों के प्रबंध की स्वतंत्रता अनुच्छेद 26
(5) अनुत्तरित प्रश्न

